हरिभूमि
# कोरिया भूमि
बिलासपुर, शुक्रवार 29 अगस्त 2025
[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]

तापमान
अधिकतम 31 डिग्री
न्यूनतम 23 डिग्री

2 हाथियों का आतंक : प्रतापपुर क्षेत्र में दो दंतैल मचा रहे उत्पात, किसान परेशान



**खबर संक्षेप**

### नि:शुल्क स्वास्थ्य परामर्श केन्द्र का शुभारंभ



**अनूपपुर।** सामाजिक गतिविधियों तथा सेवा के क्षेत्र में निरंतर रुचि रखने वाली स्वास्थ्य सलाहकार निकहत परवीन के द्वारा लोगों को नि:शुल्क स्वास्थ्य परामर्श देने के उद्देश्य से जिला पंचायत कोतमा रोड में स्वास्थ्य एवं कल्याण केन्द्र का रविवार को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उनकी पत्नी निकहत परवीन, पत्रकारों की मौजूदगी में फीता काटकर शुभारंभ किया गया। निकहत परवीन ने उपस्थित पत्रकारों को बताया कि सुबह 7 से 10 बजे तक सेंटर में आने वाले मरीजों की नि:शुल्क जांच और परामर्श दिया जाएगा, किसी प्रकार की फीस नहीं ली जाएगी, स्वास्थ्य सलाहकार निकहत परवीन ने कहा कि बढ़ती बीमारियों और फर्टिलाइजर युक्त खाद्य सामग्री का प्रयोग करने से लोगों की स्वास्थ्य समस्याएं तेजी से बढ़ती जा रही है।

### गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाणन की बड़ी उपलब्धि

**बैकुण्ठपुर।** जिले के दुर्गम क्षेत्रों में स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बोडार 6 विभागवार, आयुष्मान आरोग्य मंदिर अकलासरई, आयुष्मान आरोग्य मंदिर कुशहा 12 सेवाएं एवं बैकुंठपुर ब्लॉक का आयुष्मान आरोग्य मंरिद पुटा को राष्टीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाणन प्राप्त हुआ है। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के निर्देश और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रशांत सिंह के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने गुणवत्ता सुधार को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए कार्य किया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रशांत सिंह ने कहा कि यह उपलब्धि स्वास्थ्य विभाग की टीमवर्क का नतीजा है।

### सर्जरी के मरीज परेशान, दूर-दराज से पहुंचते हैं जरुरतमंद

# जिला अस्पताल में एक भी जनरल सर्जन नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कोरिया जिले के सबसे बड़े जिला अस्पताल बैकुंठपुर में हर दिन सैकड़ों मरीज पहुंचते हैं।

वर्तमान में जिला अस्पताल बैकुंठपुर में एक भी जनरल सर्जन की नियुक्ति नहीं होना मरीजों के लिए बड़ी परेशानी का कारण बन रहा है। छोटी-बड़ी सर्जरी कराने के लिए आने वाले मरीजों को निराश होकर वापस लौटना पड़ता है या फिर मजबूरन उन्हें अंबिकापुर, बिलासपुर या प्राइवेट अस्पतालों का रुख करना पड़ता है। ग्रामीण अंचल से आने वाले गरीब और जरूरतमंद मरीजों को इस स्थिति में सबसे ज्यादा कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। ⏭ शेष पेज 4 पर




### ओपीडी पंजीयन में रहती है भीड़

ओपीडी पंजीयन के लिए सीमित काउंटर होने से मरीजों को लंबे कतार में खड़े रहना पड़ता है, हालांकि अस्पताल प्रबंधन ने ऑनलाइन पर्ची प्रणाली की शुरूआत कर दी है, लेकिन दूर-दराज से आने वाले ग्रामीण मरीज इस प्रक्रिया से अनभिज्ञ रहते हैं। ऐसे में उन्हें लंबा इंतजार करना पड़ता है। पर्ची मिलने के बाद भी डॉक्टर से मिलने के लिए ओपीडी में काफी भीड़ का सामना करना पड़ता है। किसी तरह इलाज के बाद दवा वितरण केन्द्र में भी स्थिति कुछ अलग नहीं। यहां भी मरीजों को कतार में ही खड़े रहकर एक काउंटर से दवा लेनी पड़ती है, जिससे बुजुर्ग और गंभीर मरीजों को खासी परेशानी होती है।

### सर्जन नहीं, गंभीर मरीज हो रहे रेफर

जिला अस्पताल बैकुंठपुर में फिलहाल एक भी जनरल सर्जन चिकित्सक नहीं है, जिसके कारण ऑपरेशन या सर्जरी से जुड़ी बीमारियों का इलाज नहीं हो पा रहा। गंभीर हालत में पहुंचे मरीजों को मजबूरन रायपुर, बिलासपुर या अंबिकापुर के अस्पतालों में रेफर किया जा रहा है। कई मरीजों का सर्जन की अनुपलब्धता के चलते उनका इलाज समय पर नहीं हो पा रहा है।

### दी गई है जानकारी

इसकी जानकारी हमने शासन स्तर पर दी है, ताकि यथाशीघ्र जनरल सर्जन की नियुक्ति हो सके।

-डॉ. आयुष जायसवाल
सिविल सर्जन

## नागपुर में पकड़ा गया अवैध लकड़ी से भरा ट्रक
## वन विभाग व पुलिस पर लीपापोती के आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ नागपुर

बीती रात्रि लगभग 1 बजे अंबिकापुर रोड की ओर इमारती लकड़ी का अवैध परिवहन करते हुए ट्रक क्रमांक सीजी 10 आर 2623 को नागपुर चौराहे के जनप्रतिनिधियों की मदद से हाईवे पुलिस चौकी ने पीछा कर महाराजपुर टोल प्लाजा के पास पकड़ लिया। बाद में ट्रक को नागपुर पुलिस चौकी लाकर जब्त कर लिया गया।

जानकारी के अनुसार ट्रक में सरई की बड़ी-बड़ी बल्लियां लोड थीं, जिन्हें तस्करी के लिए अंबिकापुर ले जाया जा रहा था। मामला खड़गवां रेंज से जुड़ा है, जहां रेंजर सूर्यदेव सिंह के निर्देश पर लकड़ी लोड करने का आरोप सामने आया है। हालांकि रेंजर ने सफाई देते हुए कहा कि ट्रक राजस्व क्षेत्र से लकड़ी लेकर चिरमिरी डिपो आ रहा था, लेकिन ड्राइवर रात में ट्रक लेकर भाग गया। लकड़ी पर वन विभाग की हैमर सील भी नहीं लगी थी।



जब्त लकड़ी।

मामले ने नया मोड़ तब लिया जब कई स्थानीय लोग नागपुर चौकी पहुंचकर दावा करने लगे कि ट्रक में उनकी भी निजी लकड़ी शामिल है, जबकि शेष जंगल से अवैध कटाई कर लाई गई है। उनका आरोप है कि रेंजर खुद अवैध लकड़ी कटवाकर ट्रक में लोड करवाता है और तस्करी के लिए बाहर भेजता है। सूत्रों के अनुसार पुलिस ने अब तक इस मामले में कोई ⏭ शेष पेज 4 पर

### आज से शिशु संरक्षण माह का होगा आयोजन

**बैकुण्ठपुर।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा शिशु संरक्षण माह 29 अगस्त से 30 सितंबर तक चलाया जाएगा। इस दौरान बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं के स्वस्थ्य एवं सुरक्षा को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। शासन के निर्देशानुसार इस एक माह में टीकाकरण, विटामिन ए सिरप, आयरन सिरप वितरण, एनीमिया स्क्रीनिंग, बच्चों का वजन मापने एवं स्तनपान संबंधी गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। इस अभियान में बच्चे और गर्भवती महिलाओं को सुरक्षित रखना, ताकि मातृ व शिशु मृत्यु दर को कम किया जा सके। जिले के सभी स्वास्थ्य केन्द्रों पर भी वृहद स्वास्थ्य एवं पोषण माह का आयोजन किया जाएगा। गंभीर कुपोषित बच्चों का पोषण पुर्नवास केन्द्र में भर्ती एवं उपचार किया जाएगा।






**खबर संक्षेप**

## जम्मू में आयोजित पीएम श्री क्षमता निर्माण कार्यशाला में शिक्षक खूबचंद भी होंगे शामिल



**बिश्रामपुर।** शिक्षा की गुणवत्ता को नई दिशा देने और शिक्षकों की दक्षता को और निखारने के उद्देश्य से पीएमश्री क्षमता निर्माण कार्यशाला का आयोजन जम्मू में होने जा रहा है,आगामी 4 से 8 सितंबर तक चलने वाली इस कार्यशाला में देशभर से चुनिंदा शिक्षक शामिल होंगे, कार्यशाला में पूरे छत्तीसगढ़ से 151 चयनित शिक्षक भाग लेंगे,यह आयोजन उच्च शिक्षा संस्थान के सहयोग से किया जा रहा है,जिसमें शिक्षकों को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के विभिन्न आयामों पर विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा, साथ ही शिक्षकों की रचनात्मकता और नेतृत्व क्षमता को विकसित करने के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम और समूह गतिविधियां भी आयोजित होंगी, उक्त कार्यशाला में पीएमश्री सेजेस जयनगर से गणित के व्याख्याता खूबचंद राजवाड़े भी चयनित हुए हैं,श्री राजवाड़े का इस राष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षण में शामिल होना जिले के लिए गर्व की बात है,कार्यशाला में आधुनिक शिक्षण पद्धतियों,तकनीकी संसाधनों के उपयोग, और विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने पर विशेष बल दिया जाएगा।

## सूरत के स्वच्छता प्रबंधन से प्रेरणा लेगा सूरजपुर नगर पालिका



**सूरजपुर।** राज्य शहरी विकास प्राधिकरण द्वारा स्वच्छ भारत मिशन शहरी-2 के तहत गुजरात राज्य के सूरत नगर निगम में ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन से जुड़े उत्कृष्ट कार्यों के अवलोकन एवं अध्ययन हेतु छत्तीसगढ़ के विभिन्न नगर पालिका अध्यक्षों एवं अधिकारियों का एक प्रतिनिधि दल गठित किया गया है। इस अध्ययन भ्रमण दल में नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष कुसुमलता राजवाड़े एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रभाकर शुक्ला को भी शामिल किया गया है। यह दल 28 से 30 अगस्त तक सूरत नगर निगम अंतर्गत संचालित ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन, स्वच्छता नवाचार तथा अन्य प्रबंधन कार्यों का निरीक्षण एवं अध्ययन करेगा। अध्ययन भ्रमण से प्राप्त अनुभव एवं नवीनतम तकनीकी जानकारियों का लाभ सूरजपुर नगर पालिका को मिलेगा। इससे भविष्य में नगर के भीतर स्वच्छता प्रबंधन से संबंधित कार्यों को और भी बेहतर ढंग से संचालित किया जा सकेगा। नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती कुसुमलता राजवाड़े ने बताया कि इस भ्रमण से स्थानीय स्तर पर अपशिष्ट प्रबंधन की कार्ययोजना को और अधिक सुदृढ़ बनाने में मदद मिलेगी। वहीं मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रभाकर शुक्ला का कहना है कि सूरत नगर निगम की कार्यप्रणाली और स्वच्छता व्यवस्था पूरे देश में मिसाल है और उसका अध्ययन सूरजपुर की स्वच्छता व्यवस्था को एक नई दिशा देगा। यह अध्ययन दौरा नगर के विकास और नागरिकों को स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित होगा।

## नशीले इंजेक्शन का सप्लायर गिरफ्तार, गया जेल



**अम्बिकापुर।** संभागीय आबकारी उड़नदस्ता टीम को बीती रात उस समय बड़ी सफलता हाथ लगी जब टीम ने न सिर्फ क्षेत्र में नशीले इंजेक्शन सप्लाई कर रहे युवक को पकड़ा बल्कि उसके पास से 1 लाख 20 हजार कीमत के नशीले इंजेक्शन जब्त किया। आरोपी के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। संभागीय आबकारी उड़नदस्ता संभाग की टीम द्वारा नशे के कारोबारियों के विरूद्ध लगातार कार्रवाई जारी है। इसी कड़ी में बीती रात सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता को गश्त के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि सीतापुर अंतर्गत सोनतरई निवासी बिनोद सैनी भारी मात्रा में नशीला इंजेक्शन लेकर पंचायत भवन सोनतराई के पास सप्लाई के लिए ग्राहक का इंतजार कर रहा है। सूचना पर उड़नदस्ता टीम ने पंचायत भवन सोनतराई के समीप युवक को पकड़ा। टीम ने उसके पास रखे बैग की तलाशी ली तो बैग से 1 लाख 20 हजार कीमत की 60 नशीला इंजेक्शन बरामद किया। उड़न दस्ता की टीम ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके विरूद्ध धारा 22 सी के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। कार्रवाई में मुख्य आरक्षक कुमारु राम, रमेश दुबे, अशोक सोनी, नगर सैनिक रणविजय सिंह एवं महिला सैनिक राजकुमारी सिंह एवं अंजू एक्का सक्रिय रहे।

## शासकीय भूमि पर अतिक्रमण कलेक्टर से की गई शिकायत

**मदनपुर।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य शुभम अग्रवाल ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंप कर शासकीय भूमि पर किए गए अतिक्रमण को मुक्त कराने की मांग की है। सौंपे गए ज्ञापन में शुभम अग्रवाल ने बताया है कि ग्राम पंचायत गणेशपुर में सुनीति दुबे पति दिलीप दुबे, अंकित दुबे द्वारा शासकीय जमीन पर अवैध अतिक्रमण कर सेंट्रल बैंक का एटीएम का संचालन करवाया जा रहा है। शुभम अग्रवाल ने मांग की है कि शासकीय जमीन पर विगत कई वर्षों से एटीएम का संचालन हो रहा है जिसका किराया राशि को सरकारी कोष में जमा कराया जाए।

### तमोर पिंगला का रेस्क्यू सेंटर बना शो पीस

# हाथियों का आतंक : प्रतापपुर क्षेत्र में दो दंतैल मचा रहे उत्पात, किसान परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

प्रतापपुर ब्लॉक के ग्राम पंचायत मसगा, सोनपुर, ट्रूकुडाड़, नवाडीह और पेंडारी सहित दर्जनों गांव के ग्रामीण इन दिनों दो दंतैल के आतंक से दहशत में हैं। पिछले पांच दिनों से हाथियों ने गांव में घुसकर खड़ी फसलों को चौपट कर दिया है। ऐसे में अब लोगों का घर से निकलना भी मुश्किल हो गया है। किसान दिन-रात अपनी फसलों की रखवाली करने को मजबूर हैं। बरसात में यह पहरेदारी और भी खतरनाक साबित हो रही है क्योंकि अंधेरे में सर्प-बिच्छू और अन्य जानवरों का डर हमेशा बना रहता है।

**खास बात**

- पिछले पांच दिनों से फसलों को पहुंचा रहा नुकसान

ग्रामीणों ने बताया कि जब हाथी जंगल से बाहर निकलता है तो वन विभाग के कोई कर्मचारी नहीं होते जिससे ग्रामीण खुद ही हाथी को भगाने में लगे रहते हैं। जिसके वजह से जान माल की हानि भी हो जाती है। दोनों दंतैल हाथी बहुत ही आक्रामक है। देखते ही देखते कुछ घंटे में दोनों दंतैल एक गांव से दूसरे गांव में पहुंच जाते है। ग्रामीणों का कहना है कि दोनों दंतैल के गांव के आसपास मौजूद रहने के कारण अब लोगों का जीना मुश्किल हो गया है। ग्रामीणों ने हाथियों को बेहोश करके तमोर पिंगला अभ्यारण में छोड़ने की बात कही जिससे उत्पात मचा रहे हाथियों राहत मिल सके। हाथियों के कारण गांव के ही विजय जायसवाल आ. शिवनारायण जायसवाल, रतीराम सीताराम, भजन सोनपुर, धनेश्वर आ. शिव टहल, सतीश प्रजापति, वृक्ष प्रजापति सोनपुर, हरिहर, सीताराम, चरण, मसगा सहित कई किसानों की फसल बर्बाद हो चुकी हैं। पीड़ित किसानों का कहना है कि खून-पसीने की मेहनत एक रात में चौपट हो रही है। दिन में सड़क पर हाथियों का डर, रात में खेत की रखवाली का डर आखिर कब तक डर के साए में रहेंगे। अपनी फसल बचाएं या अपनी जान, यह समझ नहीं आता। हाथी इतने आक्रामक हैं कि कभी भी हमला कर सकते हैं।



बस्ती की ओर जाता दंतैल।

**वन विभाग की खानापूर्ति**

ग्रामीणों का आरोप है कि वन विभाग के कर्मचारी मौके पर कभी नजर नहीं आते। विभाग केवल यह दिखाने के लिए कि कार्रवाई हो रही है और कागजों में रिपोर्ट बना देता है। कुछ स्थानों पर सड़क पर बैरिकेड लगा दिए गए हैं ताकि ग्रामीण आवाजाही न कर सकें जिससे लोगों को और परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि हाथियों को खदेड़ने की कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो रही और उन्हें अकेला छोड़ दिया जाता है जिससे जान-माल का खतरा और बढ़ जाता है।

### तमोर पिंगला रेस्क्यू सेंटर की पोल खुली

ग्रामीणों का कहना है कि रमकोला स्थित तमोर पिंगला अभ्यारण्य में बना हाथी रेस्क्यू सेंटर महज एक शो पीस है। वहां कुछ पालतू हाथियों को रखकर लाखों रुपए की बंदरबांट की जा रही है। हाथियों के नाम पर सरकार से हर साल करोड़ों रुपए खर्च करती हैं, लेकिन असल में न तो हाथियों को सुरक्षा मिल पा रहा है और न ही ग्रामीणों को राहत। ग्रामीणों ने कहा कि इन आक्रामक हाथियों के कारण गांवों में हड़कंप मचा हुआ है। लोग न तो खेत जा पा रहे हैं और न ही रात को चैन की नींद सो पा रहे हैं। किसानों ने स्पष्ट कहा है कि अगर समय रहते प्रशासन ने कदम नहीं उठाया तो बड़ी जनहानि हो सकती है।



## इंस्पायर अवार्ड मानक को लेकर ली गई शिक्षक व संस्था प्रमुखों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

इंस्पायर अवार्ड मानक के अंतर्गत विकासखंड राजपुर में संचालित समस्त शासकीय, अशासकीय, अनुदान प्राप्त माध्यमिक, हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी विद्यालयों के संस्था प्रमुख-नोडल शिक्षकों की बैठक बीआरसी सभाकक्ष में जिला नोडल अधिकारी रविशंकर श्रीवास एवं विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी की उपस्थिति में ली गई।

जिला नोडल अधिकारी श्री श्रीवास द्वारा बैठक में उपस्थित संस्था प्रमखों को इंस्पायर अवार्ड मानक योजना से परिचय कराते हुए कक्षा 6वीं से 10वीं तक अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को ऑनलाइन पंजीयन कराने की प्रक्रिया की जानकारी दी गई। आनलाईन पंजीयन करते समय बरती जाने वाली सावधानियां व आवश्यक दस्तावेजों अंतर्गत समाज उपयोगी विचारों पर आधारित प्रादर्श अथवा नवाचार से संबंधित विचार शामिल हों। विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी आदित्य पाटनवार द्वारा उपस्थित संस्था प्रमुखों को अपने-अपने संस्था में अध्ययनरत 5-5 विद्यार्थियों का ऑनलाईन पंजीयन कार्य समय सीमा के पूर्व पूर्ण कराये जाने के लिए कहा गया।

समीक्षा बैठक में अजीम प्रेमजी फाउण्डेशन के प्रतिनिधि आशुतोष त्रिपाठी द्वारा इंस्पायर अवार्ड मानक योजना के क्रियान्वयन के लिए आवश्यक सुझाव प्रस्तुत किया गया।

## कानून व्यवस्था दुरुस्त करने थाने में बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

शहर की कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने और अव्यवस्थाओं को दूर करने के उद्देश्य से बुधवार को बिश्रामपुर थाना परिसर में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

यह बैठक एसएसपी प्रशांत सिंह ठाकुर के निर्देश पर एसडीओपी अभिषेक पैकरा की उपस्थिति में की गई। बैठक में नगर पंचायत शिवनंदनपुर और बिश्रामपुर क्षेत्र से जुड़े कई प्रमुख मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई,बैठक में मुख्य मार्गों पर लगे होर्डिंग्स जो दुर्घटनाओं का कारण बन सकते हैं,इनको तत्काल हटाने का आदेश दिया गया,मुख्य मार्केट में दुकानदारों द्वारा सड़क तक दुकानें सजाने और रास्ता घेरने की शिकायत पर कड़ी कार्रवाई करने की बात कही गई,शहर में घूम रहे आवारा मवेशियों से आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं,बैठक में इनके मालिकों की पहचान कर उनके खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई करने का निर्णय लिया गया,यातायात को सुचारू बनाने और भीड़-भाड़ कम करने के लिए नगर पंचायत को निर्देश दिए गए,बैठक में बिश्रामपुर थाना प्रभारी टीआई प्रकाश राठौर,जिला यातायात प्रभारी बृजकिशोर पांडेय,नगर पंचायत शिवनंदनपुर के सीएमओ सुनील सिन्हा तथा नगर पंचायत बिश्रामपुर से अरविंद यादव उपस्थित रहे,अधिकारियों ने आश्वस्त किया कि नगर की समस्याओं को प्राथमिकता पर हल किया जाएगा और किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी,अधिकारियों ने स्थानीय नागरिकों से अपील किया कि वे कानून व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस और प्रशासन का सहयोग करें,साथ ही दुकानदारों और पशुपालकों से नियमों का पालन करने की सख्त हिदायत दी गई,प्राप्त जानकारी अनुसार बैठक उपरांत नगर पंचायत शिवनंदनपुर प्रबंधन द्वारा मुख्य मार्केट में सड़क के बीच लगाए गए होर्डिंग्स को हटाने की कार्यवाही भी शुरू कर दी गई है।

## जंगल में मधुमक्खियों के हमले से घायल अधेड़ महिला की इलाज के दौरान मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर



जयनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पहाड़गांव सत्तीपारा निवासी अधेड़ महिला की मधुमक्खियों के हमले में गंभीर रूप से घायल होने पश्चात उपचार के दौरान आज बुधवार को मौत हो गई है,गौरतलब है कि सोमवार को मवेशी चराने पिलखा डेम समीप जंगल गई ग्राम पहाड़गांव सत्तीपारा निवासी 50 वर्षीय सोनकुंवर यादव पति बुद्धू राम यादव पर अचानक मधुमक्खियों के झुंड ने हमला कर दिया,जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गई, घायल हुई अधेड़ महिला को परिजन द्वारा अंबिकापुर अस्पताल में भर्ती कराया गया था,जहां उपचार के दौरान महिला की बुधवार को मौत हो गई,सोनकुंवर यादव की असामयिक मौत से पूरे गांव में शोक व्याप्त हो गया है।

घटना की जानकारी मिलते ही जिला पंचायत सदस्य नरेंद्र यादव मृतका के घर पहुंचे और परिजनों से मिलकर संवेदना व्यक्त की,उन्होंने पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया और लटोरी तहसीलदार से बात कर तत्काल सहायता राशि दिलाने की मांग की है।



## जंगल में खुखड़ी उठाने गए वृद्ध दो भालुओं ने किया हमला, गंभीर

**सोनगरा।** सुबह गांव के समीप जंगल में खुखरी उठाने गए वृद्ध को दो भालुओं ने हमला कर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को अंबिकापुर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां घायल का उपचार जारी व गंभीर हालत बनी हुई है।

जानकारी के अनुसार ग्राम बोझा कांस दोहर निवासी चमरू राम आ. मान साय कवंर (75 वर्ष) सुबह लगभग 6 बजे गांव के समीप जंगल में खुखड़ी उठाने गया था। जैसे ही वृद्ध जंगल में खुखड़ी तलाश करते हुए झाड़ी के समीप पहुंचा तभी झाड़ी के समीप मौजूद दो भालुओं ने वृद्ध पर हमला कर दिया। अचानक भालुओं के हमले से वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गया। इधर घटना की जानकारी लगने पर गांव के लोगों ने तत्काल मौके पर पहुंच घायल हो घर तक लेकर आए और घटना की सूचना वन विभाग को दी।

सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और घायल के परिजन को सहायता राशि उपलब्ध कराने के पश्चात घायल को अंबिकापुर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां घायल का उपचार जारी व गंभीर हालत बनी हुई है। इस दौरान आनंद सरकार, प्रीतम भगत, अशोक गुप्ता, नरेन्द्र राजवाड़े सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

## फर्जी अंकसूची बनाने के मामले में निजी स्कूल संचालक समेत चार गिरफ्तार



**शंकरगढ़।** फर्जी अंकसूची के जरिए आंगनबाड़ी सहायिका की नौकरी हासिल करने के मामले में पुलिस ने महिलाओं के बाद अब अंकसूची बनाने वाले आरोपियों को पकड़ा है। पुलिस ने इस मामले में कुल चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

बता दें कि शंकरगढ़ विकासखंड में बेहराटोली जार्गिम, कटहरपारा महुआडीह, धाजापाठ कोठली, डूमरपानी बेलकोना में महिलाओं द्वारा कक्षा आठवीं की फर्जी अंकसूची के जरिए आंगनबाड़ी सहायिका के पद पर नौकरी पाने का मामला सामने आया था। कलेक्टर के निर्देश पर जांच उपरांत प्रभारी परियोजना अधिकारी, एकीकृत बाल विकास परियोजना कुसमी द्वारा मामले की शिकायत पुलिस से की गई थी। इस मामले में पुलिस ने जांच उपरान्त चार महिलाओं को गिरफ्तार किया था। वहीं अब इस मामले में कार्रवाई करते हुए शंकरगढ़ अजीजी पब्लिक स्कूल के संचालक भगवतपुर निवासी 50 वर्षीय समसुद्दीन अंसारी आ. स्व. जकीरा अंसारी, प्राचार्य 22 वर्षीय आबिद अंसारी आ. समसुद्दीन अंसारी, पुर्ग में गिरफ्तार आंगनबाड़ी सहायिका सुशीला पैकरा के पति 30 वर्षीय उमाशंकर पैकरा आ. सिकुल पैकरा व 30 वर्षीय शिव नारायण रवि आ. स्व. भिखवा को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने मामले में बीएनएस की धारा 318(2), 318(4), 338, 336(3), 340(2), 61(2) के तहत आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## यात्री बस ने ओमनी वैन को मारी टक्कर, महिला की मौत, 4 घायल

**ओड़गी।** ओड़गी भैयाथान मुख्य मार्ग पर कालामांजन में कुंवर बस ने ओमनी वैन को जबरदस्त टक्कर मारी दी। दुर्घटना में ओमनी वैन में सवार एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई तथा 4 लोग घायल हो गए। बुधवार की दोपहर 2 बजे ओड़गी की तरफ से आ रही तेज रफ़्तार कुंवर बस के चालक ने धरसेड़ी की तरफ से आ रही ओमनी वैन को टक्कर मार दी। दुर्घटना में ओमनी सवार कबूतरी पति मंगल की मौके पर ही मौत हो गई वहीं सुशीला पति शिव गंभीर रूप से घायल हो गई। गंभीर रूप से घायल सुशीला को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ओड़गी में भर्ती कराया गया जहां उसकी गंभीर हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल सूरजपुर रेफर कर दिया। दुर्घटना में ओमनी वैन में सवार एक बच्चे समेत 3 लोगों को चोटे आई है। पुलिस ने बस चालक खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले की जांच में जुटी है। मृत महिला के परिजन को ग्राम पंचायत धरसेड़ी द्वारा तत्काल 2 हजार रुपए की सहायता प्रदान किया गया।

## दुकान में घुसकर ढाई लाख चोरी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनपुर।

दुकान में घुसकर गल्ले से ढाई लाख रुपए की चोरी करने मामले में पुलिस ने सफलता हासिल की है। पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार करने के साथ ही नगदी व घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद किया है। बता दें कि उद्यांशु अग्रवाल की हार्डवेयर की दुकान संचालित है। 15 अगस्त की देर शाम युवक दुकान के शटर को आधा गिराकर बस स्टैंड की तरफ गया हुआ था। इस दौरान युवक की मां ने देखा कि कोई दुकान में घुस आया है जब तक महिला छत से नीचे दुकान तक पहुंचती तब तक चोर भाग निकले। चोर दुकान के गल्ले से 2 लाख 48 हजार 5 सौ रुपए की चोरी की थी। मामले में पुलिस द्वारा बीएनएस की धारा 331(4), 305(ए), 3(5), 112(1) के तहत अपराध दर्ज किया था।

पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर केवरापारा तहसीलपारा निवासी 19 वर्षीय पुनीत यादव उर्फ छोटू आ. स्व. लाल राम यादव को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो आरोपी ने अपने साथी पठानपुरा निवासी 24 वर्षीय साकिब खान उर्फ सोनी आ. महबूब खान के साथ मिलकर चोरी करने की बात स्वीकार की। पुलिस ने आरोपियों से चोरी का पैसे से खरीदा गया 1 नग वन प्लस मोबाईल, एक नग हाथ में पहनने वाला घड़ी, शेष बचा 5 हजार नगदी रकम के साथ ही घटना में प्रयुक्त बाइक क्रमांक सीजी 15 डीडब्ल्यू 0185 बरामद किया गया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी आदतन बदमाश है। कार्रवाई में थाना प्रभारी लखनपुर शशिकान्त सिन्हा, सऊनि सिदयुस लकड़ा, प्रधान आरक्षक रवि सिंह, पीताम्बर सिंह, आरक्षक राकेश एक्का, रामजीत खलखो, जगेश्वर बघेल, असलम अंसारी सक्रिय रहे।



### नृत्यांगना टी रेड्डी लक्ष्मी ने नृत्य की बारीकियों से मोहा सभी का मन

# कुचिपुड़ी नृत्य में दिखा नैनों का बांकपन और आंगिक अभिनय

**अम्बिकापुर।** नैनों का बांकपन, चेहरे की भंगिमा, आंगिक अभिनय और लय-ताल के साथ कदमों की थिरकन, घुंघुरूओं की रूनझुन का दृष्य श्री साई बाबा स्कूल के मंच पर कुचिपुड़ी नृत्य में एक साथ दिखा। स्पिक मैके के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में नृत्यांगना टी. रेड्डी लक्ष्मी ने मां दुर्गा वंदना से कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

उन्होंने मां दुर्गा के महिषासुरमर्दिनी के नृत्य को प्रस्तुत किया। नृत्यांगना लक्ष्मी ने चेहरे की भंगिमा और आंगिक अभिनय को नृत्य में पिरोते हुए महिषासुर के वध की प्रस्तुति दी। उन्होंने अपनी प्रस्तुति में गजेंद्र रक्षा के प्रसंग को प्रस्तुत किया जिसमें भगवान विष्णु घड़ियाल से गजराज को बचाते हैं। उनकी तीसरी प्रस्तुति में हैपीनेस की प्रधानता दिखी। प्रसन्नता के विभिन्न आयाम से दर्शक रू-ब-रू हुए। चौथी और आखिरी प्रस्तुति में उन्होंने थाली के साथ कदमों के संतुलन को दिखाया। घुंघरूओं की खनक और थाली का संयोजन लाजवाब दिखा। कला कला के लिये और कला जीवन के लिए का संदेश सभी को भा गया। इस दौरान उन्होंने कुचिपुड़ी, भरतनाट्यम, कथक, मोहिनी अट्टम, ओडिसी, सत्रिया, कथकली और मणिपुरी नृत्य से सभी को अवगत कराया। दर्शकों को नृत्यांगना टी. रेड्डी लक्ष्मी ने हाथों की निशान और उसके संदेश, इशारे से अवगत कराया। नृत्यांगना लक्ष्मी के साथ गायन में जयन कोटाक्कल, मृदंगम पर विग्नेश जयारामन और वायलिन पर सौम्या कानन ने संगत की। स्कूल के संगीत शिक्षक भानू शंकर झा ने स्वागत गीत राग बृंदावनी सारंग में हर्ष पटेल, आरव पैकरा, देवांश मरावी के साथ प्रस्तुति दी। स्कूल के आर्ची गोयल, प्रगति तिवारी, श्रीवली अग्रवाल, अनुरा शर्मा, कमाक्षी गुप्ता, रूपांजना सरकार, आरोही भारती, आयषी पैकरा वंदना शुक्ला ने कत्थक की प्रस्तुति दी। नेहा बच्छार, उदिता सिंह, काजल पैकरा, नैतिक पटवा, हर्ष पटेल ने देश भक्ति गीत की प्रस्तुति दी। एकल गायन तेरा हिमालय आकाश छू ले पर नेहा बच्छर आदि ने ताल मिलाया। तबला पर आरव, आकेश पैकरा की टीम ने प्रस्तुति दी। इस अवसर पर प्रबंध समिति के अध्यक्ष विजय कुमार इंगोले, सचिव अजय कुमार इंगोले, सदस्य रेखा इंगोले, अलका इंगोले, प्राचार्य प्राची गोयल ने सभी कलाकारों को अंगवस्त्र और श्रीफल प्रदान कर सम्मानित किया।



### सैनिक स्कूल में कुचिपुड़ी नृत्य का आयोजन



सैनिक स्कूल में सोमवार को आयोजित सांस्कृतिक संध्या में प्रसिद्ध कुचिपुड़ी नृत्यांगना सुश्री टी रेड्डी लक्ष्मी ने अपनी अनुपम प्रस्तुति से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम सोसायटी फॉर प्रमोशन ऑफ इंडियन क्लासिकल म्यूजिक एंड कल्चर अमंगस्ट यूथ के तत्वाधान में आयोजित की गई। विद्यालय के विक्रम बत्रा ब्लॉक स्थित मंच पर सायं काल कलाकारों ने नृत्य की उत्कृष्ट प्रस्तुति दी। सुश्री टी लक्ष्मी ने अपनी प्रस्तुतियों में स्त्री शक्ति को अनेक रूपों में प्रकट किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में उन्होंने शक्ति की प्रतीक श्री दुर्गा स्तुति की प्रस्तुति दी। इसके प्रश्चात उन्होंने द्रौपदी वस्त्र हरण के साथ परम्परागत शास्त्रीय नृत्य तरंगम के माध्यम से अद्भुत अभिनय एवं अभ्यास का प्रदर्शन किया। उनके नृत्य में भाव, ताल और पद संचालन की समरसता ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनकी नृत्य शैली ने न केवल सौंदर्य का प्रदर्शन किया, बल्कि भारतीय सांस्कृतिक विरासत की आत्मा को भी जीवंत कर दिया। अंत में प्राचार्य कर्नल रीमा सोबती ने कलाकारों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया तथा कहा कि भारतीय शास्त्रीय कला केवल मनोरंजन नहीं, यह हमारी परंपरा, मूल्य और आत्मा का प्रतिबिंब है।



# आशिक पुश्तैनी गाने ने यूट्यूब पर मचाया तहलका

**मुंबई।** संजय बेडिया गिरगांवकर द्वारा निर्मित हिंदी गाना 'आशिक पुश्तैनी' ने रिलीज होते ही यूट्यूब पर तहलका मचा दिया है। गाने ने कई रिकार्ड तोड़ दिए हैं। गाने की स्वैग भरा स्टाइल, भव्य लोकेशन और दमदार म्यूजिक ने दर्शकों को पूरी तरह मंत्रमुग्ध कर दिया है। वहीं, गाने को लेकर संजय बेडिया गिरगांवकर ने खुशी जताते हुए कहा कि फ़ाइनली आशिक पुश्तैनी दर्शकों तक पहुंच चुका है। यह सिर्फ एक गाना नहीं, बल्कि हमारी मेहनत और जुनून का नतीजा है। हमें उम्मीद थी कि लोग इसे पसंद करेंगे, लेकिन इतने बड़े स्तर पर रिस्पॉन्स मिलेगा, यह हमारे लिए भी सरप्राइज है।

## लाइफ Style

# जान्हवी

## चेन्नई एक्सप्रेस से अलग हैं परम सुंदरी

सिद्धार्थ मल्होत्रा और जान्हवी कपूर की आगामी फिल्म परम सुंदरी लगातार चर्चाओं में बनी है। फिल्म अपनी रिलीज को तैयार है। हालांकि, फिल्म का ट्रेलर सामने आने के बाद से ही परम सुंदरी की तुलना शाहरुख खान और दीपिका पादुकोण की चेन्नई एक्सप्रेस से की जा रही है।

एजेंसी ⏭ मुंबई

फिल्म की कहानी और कॉन्सेप्ट भी चेन्नई एक्सप्रेस से मिलता-जुलता लग रहा है। अब इस तुलना पर फिल्म की लीड एक्ट्रेस जान्हवी कपूर ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने इस पर खुशी जताई। हालांकि, इस दौरान एक्ट्रेस ने स्पष्ट किया कि दोनों फिल्में पूरी तरह से एक-दूसरे से अलग हैं। उन्होंने कहा, मुझे चेन्नई एक्सप्रेस बहुत पसंद है। मुझे लगता है कि यह एक अच्छा संदर्भ है। मैं इसे एक तारीफ के तौर पर लेती हूं। यह फिल्म 10 साल पहले रिलीज हुई थी। निश्चित रूप से ये दोनों फिल्में एक जैसी नहीं हैं। साथ ही जान्हवी ने लोगों से दक्षिण के किरदारों को लेकर एकमत न होने का भी आग्रह किया। दोनों फिल्मों को एक जैसा बताने पर जान्हवी ने कहा कि चेन्नई एक्सप्रेस एक हिट फिल्म है। लेकिन, दीपिका ने फिल्म में एक तमिलियन की भूमिका निभाई है। जबकि, मैं एक आधी तमिल, आधी मलयाली लड़की की भूमिका में हूं। अगर आप इसके बारे में सोचें, तो उन लोगों की ओर से एक सामान्यीकरण हो रहा है जो दोनों फिल्मों की तुलना कर रहे हैं। मैं फिल्म में केरल से हूं और दक्षिण के सभी लोगों को एक साथ नहीं रखा जा सकता है। यह पूरी तरह से एक अलग परिवेश है। 'परम सुंदरी' 29 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होनी है।



## हॉलीवुड मसाला



# टेलर ने ट्रेविस से की सगाई

**लॉस एंजिल्स।** अमरीकी पॉप गायिका, सिंगर, निर्माता और अभिनेत्री टेलर स्विफ्ट ने अपने लॉन्ग टाइम बॉयफ्रेंड ट्रैविस केल्स के साथ सगाई कर ली है। दोनों ने अपनी प्रपोजल की तस्वीरें सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर की हैं। एक तस्वीर में ट्रैविस एक घुटने पर बैठकर टेलर को प्रपोज करते दिखे। तो वही एक तस्वीर में टेलर की हीरे की अंगूठी ने सबका ध्यान खींचा। दोनों ने मजेदार कैप्शन में लिखा, 'आपके अंग्रेजी शिक्षक और जिम शिक्षक शादी कर रहे हैं।'



# केपॉप डीमन हंटर्स बनी ज्यादा देखी जाने वाली सीरीज...


**नई दिल्ली।** नेटफ्लिक्स ओटीटी के पॉपुलर प्लेटफॉर्म्स में से एक है, जिसमें हर दिन नई फिल्में और वेब सीरीज देखने को मिल जाती है। लेकिन, हाल ही में खबर आई है कि केपॉप डीमन हंटर्स ने डॉने जॉनसन, रयान रेनॉल्ड्स और गल गैडोत की रेड नोटिस को पछाड़ दिया है। नेटफ्लिक्स की कंपेनियन वेबसाइट टुडुम के मुताबिक, सोनी पिक्चर्स एनिमेशन द्वारा एनिमेटेड म्यूजिकल के पॉप डीमन हंटर्स को 236 मिलियन व्यूज अब तक मिल चुके हैं। नेटफ्लिक्स द्वारा शेयर किए गए आंकड़ों के अनुसार, पिछले हफ़्ते 25.4 मिलियन अतिरिक्त व्यूज के साथ, के-पॉप डीमन हंटर्स अंग्रेजी फिल्मों की लिस्ट में नंबर वन का खिताब हासिल कर चुकी है। फिलहाल, नेटफ्लिक्स पर सबसे ज़्यादा स्ट्रीम की जाने वाली पांच फिल्में के-पॉप डेमन हंटर्स, रेड नोटिस, कैरी-ऑन, डोंट लुक अप और द एडम प्रोजेक्ट हैं। के-पॉप डेमन हंटर्स के कुल 236 मिलियन व्यूज हैं। जबकि रेड नोटिस के 230.9 मिलियन व्यूज थे।



# मेरे लिए सबसे जरूरी मैं भारतीय हूं

**मुंबई।** सारा अली खान के पिता मुस्लिम हैं तो वहीं उनकी मां हिंदू। सारा की खास बात यह है कि वह दोनों धर्म की रिस्पेक्ट करती हैं और उन्हें फॉलो करती हैं। अब सारा ने दोनों धर्म को लेकर बात की और बताया कि उनके लिए सबसे ऊपर भारत है।

सारा ने कहा वह ईद भी मनाती हैं, गणेश चतुर्थी भी और क्रिसमस भी। सारा ने कहा, 'मेरे लिए सबसे ऊपर है कि मैं इंडियन हूं। मेरी आध्यात्मिक मान्यताएं चाहे जो भी हों, उनके मूल में भारतीय होने की अहम भावना है। मेरे लिए भारतीय होना मतलब सब त्योहारों को सेलिब्रेट करना। हम ईद मनाते हैं, हम गणेश चतुर्थी मनाते हैं, हम क्रिसमस मनाते हैं और मुझे लगता है कि सहानुभूति उतनी प्रचलित नहीं है जितनी होनी चाहिए, लेकिन त्यौहार इसकी अनुमति देते हैं।' गणेश चतुर्थी को लेकर सारा ने कहा कि यह त्योहार उनके लिए काफी स्पेशल है।



# दिलवाले... ले जाएंगे गाने को किया रीक्रिएट

**मुंबई।** सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल अक्सर अपनी क्यूट केमिस्ट्री के लिए फेमस हैं। यह जोड़ी अक्सर सोशल मीडिया पर अपनी मजेदार वीडियोज शेयर करते हैं। दोनों की जोड़ी हर किसी को खूब पसंद आती हैं। अब बुधवार को सोनाक्षी ने सोशल मीडिया पर एक रोड ट्रिप का वीडियो शेयर किया। इस वीडियो में सोनाक्षी और जहीर अपने दोस्तों के साथ मस्ती करते नजर आ रहे हैं। वीडियो में जहीर इकबाल गाड़ी चलाते दिख रहे हैं और सोनाक्षी के साथ मिलकर मशहूर फिल्म 'दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे' के गाने 'हो गया है तुझको तो प्यार सजना' पर मजेदार रील बनाते नजर आ रहे हैं, जो इस रोड ट्रिप के मूड को और भी रंगीन बना देता है। सोनाक्षी और जहीर की यह केमिस्ट्री फैंस को खूब भा रही है। वीडियो में उनकी मस्ती देखकर हर कोई मुस्कुरा रहा है।

## टीवी मसाला



# दाल पर मचा बवाल, गौरव से भिड़ गए घरवाले; बसीर ने भी दिखाया गुस्सा

**नई दिल्ली।** रियलिटी शो 'बिग बॉस 19' की शुरुआत को अभी ज्यादा दिन नहीं हुए हैं, लेकिन घर के अंदर बहस और झगड़े का माहौल तेजी से गरमाने लगा है। वजह है- घर में दाल पर हुआ विवाद, जिसमें गौरव खन्ना और जीशान कादरी आमने-सामने आ गए, वहीं बसीर अली ने भी आग में घी डालने का काम किया। घर के अंदर खाना हमेशा से झगड़ों की जड़ रहा है और इस बार भी वही नजारा देखने को मिल रहा है। हुआ यूं कि घरवालों का कहना है कि गौरव खन्ना ने तीन कटोरी दाल खा ली, जिस पर जीशान कादरी का पारा चढ़ गया। जीशान ने गुस्से में गौरव को जाहिल आदमी तक कह डाला। बसीर अली ने भी गौरव पर तंज कसते हुए कहा कि उन्होंने घरवालों के लिए कोई परवाह नहीं की और अपनी मनमानी की। गौरव ने खुद को सही ठहराते हुए कहा कि उन्होंने दाल केवल एक बार ही ली थी, लेकिन जीशान और बसीर का आरोप था कि उन्होंने बार-बार सर्व किया। गौरव ने इस बहस से तंग आकर तीखी प्रतिक्रिया दी और कहा- 'अगर इतनी ही दिक्कत है तो मुझे नॉमिनेट कर दो।' उनके इस एटिट्यूड ने माहौल को और ज्यादा गरमा दिया। जैसे ही प्रोमो सोशल मीडिया और यूट्यूब पर आया, दर्शकों के कमेंट्स की बाढ़ आ गई। कई फैंस ने गौरव खन्ना को स्मार्ट प्लेयर बताया। कुछ ने उनकी सीआईडी इंस्पेक्टर वाली पर्सनैलिटी और एटिट्यूड की जमकर तारीफ की। वहीं कुछ दर्शकों का मानना है कि यह विवाद गौरव की पोजीशन को और मजबूत करेगा।

## कोई खुशी से पागल भी हो सकता है : जयदीप

**नई दिल्ली।** सचिन तेंदुलकर ने एक्स पर आस्क मि सेशन के दौरान एक फैन से सवाल का जवाब दिया जिसमें जयदीप की एक्टिंग की उन्होंने



तारीफ की। यूजर ने सचिन से पूछा- जयदीप ने आपकी तारीफ में बहुत बातें की हुई हैं, आपको इस पर कुछ कहना है? यूजर के इस सवाल पर सचिन ने कहा, 'वो एक बेहतरीन एक्टर हैं और मुझे उनका काम काफी पसंद हैं। 'पाताल लोक' में हाथीराम का किरदार शानदार था।' सचिन की तरफ से खुद की तारीफ सुनकर जयदीप की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। उन्होंने तुरंत सचिन के पोस्ट को शेयर करते हुए अपने जज्बात बयां किए। जयदीप ने अपने इंस्टाग्राम पर दो स्टोरीज लगाईं। पहली स्टोरी में उन्होंने लिखा- 'सर ऐसे मत करो कोई खुशी से पागल भी हो सकता है। बहुत बहुत शुक्रिया सर। इस मोमेंट को मैं पूरी जिंदगी अपने साथ संजोकर रखूंगा।' वहीं एक दूसरे पोस्ट में उन्होंने लिखा- कहीं मैं सपना तो नहीं देख रहा हूं। आपका बहुत बहुत धन्यवाद सर। जयदीप अहलावत की पहली भूमिका साल 2008 की शॉर्ट फिल्म नरमीन में थी।

# भगवान भी हमें अलग नहीं कर सकते : सुनीता

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड एक्टर गोविंदा और उनकी पत्नी सुनीता आहूजा के तलाक की चर्चाओं के बीच बुधवार के दिन दोनों ने अपने घर में धूमधाम से गणपति स्थापना की। खास बात यह रही कि कपल ने एक साथ पपराजी के सामने पोज दिए और सुनीता ने यह दावा किया कि अगर भगवान भी आ जाएं तो भी उन्हें और गोविंदा अलग नहीं कर सकते। हालांकि, कुछ समय पहले गोविंदा के वकील ललित बिंदल ने खुद इस बात की पुष्टि की थी कि सुनीता ने तलाक की अर्जी डाली थी। सुनीता आहूजा ने कहा, अगर कुछ हुआ होता, तो हम आज इतने करीब नहीं होते। हमारे बीच जरूर कोई दूरी होती। हमें कोई अलग नहीं कर सकता, ऊपर से खुद भगवान भी आ जाएं तो भी नहीं... मेरा गोविंदा सिर्फ मेरा है, किसी और का नहीं। जब तक हम खुद कुछ न कहें, कृपया कुछ भी मत कहिए। टीना आहूजा ने अपने माता-पिता के तलाक की खबरों पर प्रतिक्रिया देते हुए साफ कहा था कि ये महज अफवाहें हैं। उन्होंने कहा कि वह ऐसी बातों को गंभीरता से नहीं लेतीं, क्योंकि उनके लिए ये गॉसिप से ज्यादा कुछ नहीं हैं। टीना ने यह भी कहा था कि वह खुद को खुशनसीब मानती हैं कि उन्हें इतना प्यारा परिवार मिला है।



# ये सेलेब्स हर वर्ष अपने घरों में करते हैं गणपति बप्पा का भक्तिभाव से स्वागत

**मुंबई।** बुधवार से गणेशोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया जा रहा है। इस त्योहार को कई सितारे बहुत ही हर्ष के साथ हर वर्ष मनाते हैं। साथ ही वे गणपति बप्पा की मूर्ति भी अपने घर पर स्थापित करते हैं। इस कड़ी में सलमान खान, शिल्पा शेट्टी से लेकर माधुरी दीक्षित तक का नाम शामिल है।

**सोनाली बेंद्रे** : बॉलीवुड अभिनेत्री सोनाली बेंद्रे हर वर्ष गणेश चतुर्थी बहुत ही धूमधाम से मनाती हैं और अपने घर में गणपति बप्पा की मूर्ति स्थापित करती हैं। साथ ही एक्ट्रेस इस त्योहार की झलकियां अपने सोशल मीडिया पर साझा करती रहती हैं।

**सलमान खान** : दिग्गज अभिनेता सलमान खान के परिवार में भी गणेश चतुर्थी बहुत ही भव्य तरीके से मनाई जाती है। इस त्योहार को मनाने की एक्टर के घर पर एक परंपरा हो गई, जहां उनकी बहन अर्पिता शर्मा हर साल बप्पा को घर ले आती हैं। साथ ही इस पर्व पर पूरा परिवार एक साथ इकट्ठा होता है और भक्ति भाव से सभी के मंगलकामनाओं की प्रार्थना करता है।



**अनन्या पांडे** : सिनेमाई दुनिया की युवा अभिनेत्री अनन्या पांडे भी भगवान श्री गणेश की परम भक्त हैं। एक्ट्रेस भी अपने घर पर बप्पा को स्थापित करती हैं और उनकी सेवा करती हैं।

**शिल्पा शेट्टी** : शिल्पा शेट्टी पिछले कई वर्षों से अपने घर पर गणपति बप्पा का धूमधाम से स्वागत करती हैं और उनकी देखभाल करती हैं। इस त्योहार में उनका पूरा परिवार शामिल होता है। हालांकि, एक्ट्रेस ने इस बार सोशल मीडिया पर बताया कि वो परिवार में किसी के निधन के कारण यह पर्व नहीं मना पाएंगी।

**माधुरी दीक्षित** : बॉलीवुड की धक-धक गर्ल नाम से मशहूर अभिनेत्री माधुरी दीक्षित अपनी परंपराओं की वजह से पहचानी जाती हैं। एक्ट्रेस भी अपने घर पर हर साल भगवान श्री गणेश की मूर्ति स्थापित करती हैं, जिसकी तस्वीरें और वीडियोज अभिनेत्री अपने सोशल मीडिया पर शेयर करती हैं।

## देशभर में मंदिरों से लेकर पंडालों तक गणेशोत्सव की धूम

# इन अभिनेताओं ने निभाई लोकप्रिय टीवी शो में भगवान गणेश की भूमिका

*मुंबई। बुधवार से पूरे देश में गणेशोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। भक्त अपने घरों में बप्पा का स्वागत बड़े उत्साह के साथ करते हैं। मंदिरों से लेकर पंडालों तक, खासकर महाराष्ट्र में, यह त्योहार बड़े उत्साह के साथ मनाया जाता है। आइए, नजर डालते हैं उन अभिनेताओं पर जिन्होंने लोकप्रिय टीवी शो में भगवान गणेश की भूमिका निभाई है।*

### अद्वैत कुलकर्णी और अजिंक्य ठाकुर : जय देवा श्री गणेश

मराठी धारावाहिक 'जय देवा श्री गणेश' में अद्वैत कुलकर्णी ने बाल गणेश और अजिंक्य ठाकुर ने बड़े गणेश की भूमिका निभाई। यह शो 2020 में गणेशोत्सव के मौके पर शुरू हुआ था। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार यह टीवी सीरियल महज 11 दिन में ऑफ एयर हो गया था। इसमें अजिंक्य ठाकुर, भाग्यश्री मोटे, पंकज विष्णु, अनुजा चौधरी, वेदांत रानाडे, अक्षय मिलिंद दांडेकर ने अहम भूमिका निभाई है।

### उजैर बसर 'विघ्नहर्ता गणेश'

बाल कलाकार उजैर बसर ने 'विघ्नहर्ता गणेश' में युवा गणेश की भूमिका निभाई है। यह टीवी शो 22 अगस्त 2017 को शुरू हुआ था और 12 नवंबर 2021 तक चला था। इस सीरियल में आकांक्षा पुरी, बसंत भट्ट, चिराग जानी, संजीव पांडे और विकास सलगोत्रा जैसे कलाकारों ने अहम भूमिका निभाई है। यह शो काफी प्रसिद्ध हुआ था।

### *शनय भिसे जय मल्हार*

*मराठी धारावाहिक 'जय मल्हार' 18 मई 2014 को शुरू हुआ था और 30 अप्रैल 2017 तक यह शो चला। इस शो में शनय भिसे ने गणेश की भूमिका निभाई। यह शो भगवान खंडोबा की कथा पर आधारित था। इस शो में सुरभि हंडे, ईशा केसकर, देवदत्त नागे, नकुल घनेकर, पूर्वा नीलिम सुभाष ने अहम भूमिका निभाई है।*




### स्वराज येवले और आदिश वैद्य - गणपति बप्पा मोरया

टीवी धारावाहिक 'गणपति बप्पा मोरया' में स्वराज येवले और आदिश वैद्य ने गणेश जी की भूमिका निभाई। यह शो 24 नवंबर 2015 से 13 अगस्त 2017 तक चला और 539 एपिसोड पूरे किए। यह शो माता पार्वती और उनके पुत्र गजानन के रिश्ते पर आधारित है। ये एक मराठी सीरियल है।

### *साधिल कपूर, अल्पेश ढाकन, एहसान भाटिया देवो के देव...महादेव*

*'देवो के देव...महादेव' एक लोकप्रिय शो रहा है। इसमें साधिल कपूर (2012), अल्पेश ढाकन (2013-2014), और एहसान भाटिया (2014) ने गणेश की भूमिका निभाई है। इस शो में मोहित रैना ने देवो के देव महादेव की भूमिका निभाई है। यह शो 18 दिसंबर 2011 को ये शुरू हुआ था और 14 दिसंबर 2014 को ये ऑफ एयर हुआ। 'देवो के देव...महादेव' में मौनी रॉय, सौरभ राज जैन, सोनारिका भदौरिया, पूजा बनर्जी, सुहासी गोराडिया धामी, अनुष्का सेन, रुशीराज पवार जैसे कई कलाकारों ने अहम भूमिका निभाई।*

### जागेश मुकाती : श्री गणेश

दिवंगत अभिनेता जागेश मुकाती ने 1 अक्टूबर 2000 से 29 जून 2003 तक चले 'श्री गणेश' में गणेश जी का किरदार निभाया। टीवी सीरियल श्री गणेश भी काफी फेमस हुआ था। 1 अक्टूबर 2000 से शुरू होकर ये शो 29 जून 2003 को समाप्त हुआ। धीरज कुमार द्वारा निर्देशित ये शो भगवान गणेश की कहानी पर आधारित है। इस टीवी शो में अरुण पाल, सुनील नागर, गायत्री जयारमन, प्रियंका पुथरन ने भी अहम भूमिका निभाई है।

### आकाश नायर : गणेश लीला

आकाश नायर ने 2009-2010 में 'गणेश लीला' में भगवान गणेश की भूमिका निभाई। छोटे पर्दे पर भगवान गणेश पर कई सीरियल बने, उन्हीं में से एक है 'गणेश लीला'। 2009 में शुरू हुआ ये शो प्रसिद्ध सीरियल्स में से एक है। इसमें भगवान गणेश का किरदार आकाश नायर ने निभाया है। आकाश इस रोल से काफी प्रसिद्ध हुए।

## जगह-जगह विराजे भगवान श्री गणेश...



कचहरीपारा दुर्गा पंडाल में विराजे भगवान श्रीगणेश


श्री श्री गणेश पंडाल ओड़गी नाका में विराजे भगवान श्री गणेश


श्रीराम सेवक गणेश पूजा युवा समिति व्हीटीसी चौक चरचा कॉलरी


नवयुवक संघ सार्वजनिक श्री गणेश पूजा समिति राजीव गांधी चौक चरचा कॉलरी


श्री गणेश पूजा समिति कापरेटिव लाइन चौक चरचा कॉलरी


श्री गणेश पूजा समिति व्हीटीसी कालोनी चरचा

## खबर संक्षेप

### जगह-जगह विराजे विघ्नहर्ता श्रीगणेश



**चरचा कॉलरी।** गणेश चतुर्थी का पर्व इस वर्ष चरचा क्षेत्र में बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। 27 अगस्त से प्रारंभ हुए इस पर्व में नगर के चौक-चौराहों और गली-मोहल्लों में भगवान गणेश की प्रतिमाएं विधि-विधान से स्थापित की गईं। नगर पालिका शिवपुर चरचा के सभी वार्डों में भी सात दिवसीय गणेश पूजा का आयोजन हो रहा है। इस वर्ष पहले से अधिक प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं। विवेकानंद कॉलोनी, सुभाष नगर, महाराणा प्रताप चौक, नेपाल गेट, वीटीसी कॉलोनी, राजीव गांधी चौक, को-ऑपरेटिव लाइन सहित मुख्य मार्गों पर आकर्षक पंडालों में गणेश प्रतिमा विराजमान हुई है। ग्रामीण अंचल में भी श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजा कर भगवान गणेश को दूर्वा घास, मोदक, नारियल और गन्ना अर्पित किया। गणेश चतुर्थी के अवसर पर क्षेत्र में भजन-कीर्तन, नृत्य और नाटक जैसे विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। श्रद्धालु सामूहिक रूप से आरती कर भगवान गणेश से सुख-समृद्धि और मंगलमय जीवन की कामना कर रहे हैं। गौरतलब है कि गणेश चर्तुथी भगवान गणेश के जन्मोत्सव के रूप में मनाई जाती है, उन्हें विघ्नहर्ता माना जाता है, जो भक्तों के सभी संकटों और बाधाओं को दूर करते हैं। यह पर्व लोगों को एकता और आस्था की डोर में बांधने का संदेश भी देता है।

### पूर्व विधायक का भाजपा पर कटाक्ष

**मनेन्द्रगढ़।** मनेन्द्रगढ़-भरतपुर सोनहत विधानसभा क्षेत्र के रामगढ़ और कोटाडोल इलाके में हाल ही में बीएसएनएल मोबाइल टावरों को अपग्रेड कर 4 जी सेवा शुरू की गई है। इस अवसर पर पूर्व विधायक गुलाब कमरो ने भाजपा पर तीखा कटाक्ष करते हुए कहा कि भाजपा जनता को गुमराह करने का काम कर रही है। उन्होंने ने कहा कि रामगढ़ समेत क्षेत्र में जो टावर आज 4 जी में अपग्रेड हुए हैं, उनकी स्थापना कांग्रेस शासनकाल में ही हो चुकी थी। उस समय क्षेत्र की सांसद श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत ने लगातार प्रयास कर इन टावरों की स्वीकृति दिलवाई थी। आज भाजपा उन्हीं टावरों पर झूठी वाहवाही लूटने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने ही गांव-गांव तक नेटवर्क सुविधा पहुंचाने का बीड़ा उठाया था और ग्रामीणों की सुविधा के लिए लगातार काम किया। भाजपा सरकार सिर्फ कांग्रेस की उपलब्धियों पर अपनी मुहर लगाकर जनता को भ्रमित करने का प्रयास कर रही है। पूर्व विधायक ने बताया कि कांग्रेस शासनकाल के दौरान भरतपुर सोनहत विधानसभा क्षेत्र में कई बीएसएनएल टावर स्थापित हुए थे। अब रामगढ़ क्षेत्र के 2 टावरों में 4 जी सेवा शुरू हो चुकी है, जिससे ग्रामीणों को तेज इंटरनेट और बेहतर नेटवर्क की सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही मझगवां, रेवला और कोटाडोल क्षेत्र के दूरस्थ ग्रामों में भी 4 जी नेटवर्क सुविधा उपलब्ध करवाई जाएगी।

### हरिभूमि ने प्रमुखता से प्रकाशित की थी खबर

# विधायक बोले- नए स्थान पर शिफ्ट कराएंगे हेचरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुण्ठपुर

शहर सीमा में स्थित शासकीय कुक्कुट हेचरी को बर्ड फ्लू फैलने के बाद जिला प्रशासन द्वारा सीलबंद कर दिया गया था और कई महीने बीत जाने के बाद उसे पुनः खोले जाने संबंधी पत्र केन्द्र से आ चुका है। इस मामले को हरिभूमि ने 24 अगस्त के अंक में प्रमुखता से प्रकाशित की तो शहर के शहर के लोगों ने पुनः खोलने के विरोध में है और वर्तमान स्थल से शासकीय कुक्कुट हेचरी को अन्यत्र स्थापना की मांग को दोहरा रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि शहर के प्रेमाबाग क्षेत्र में ढाई दशक से पूर्व से शासकीय कुक्कुट हेचरी स्थापित है, तब न तो कोरिया जिला का गठन हुआ था और न ही छग प्रदेश की स्थापना हुई थी। जब शासकीय कुक्कुट हेचरी की स्थापना शहर में हुई थी, तब हेचरी के आस-पास आबादी कम थी। अब उक्त स्थल के आस-पास घनी आबादी हो गई है, जिन्हें हेचरी से निकलने वाली दुर्गंध से परेशानी होती है। शहर के जनप्रतिनिधियों एवं जागरूक नागरिकों ने पूर्व में पत्र सौंपकर जिला प्रशासन से हेचरी को शहर से दूर स्थानांतरिक


बर्ड फ्लू फैलने के बाद दुबारा हेचरी शुरू करने आया आदेश
शासकीय कुक्कुट हेचरी का प्रोजेक्ट अधर में!
कम आबादी के बीच हुई थी स्थापना

प्रकाशित खबर।

करने की मांग उठाई थी, लेकिन अब तक सौंपे गए पत्र पर गंभीरता से विचार नहीं किया गया, जिसके चलते हेचरी जस की तस उसी स्थल पर लगातार संचालित होते आया है। गर्मी में यहां बर्ड फ्लू फैली थी, इसके बाद अब तक हेचरी बंद हैं। केन्द्र से पुनः संचालित करने के आदेश के बाद जब हरिभूमि ने इस संबंध में खबर का प्रकाशन किया तो जनप्रतिनिधि एवं नागरिक पुनः वर्तमान स्थल पर हेचरी संचालित करने को लेकर मुखर हो गए हैं। शासकीय कुक्कुट हेचरी को पुनः खोलने के केन्द्र के आदेश पर क्षेत्रीय विधायक एवं पूर्व मंत्री भईयालाल राजवाड़े ने कहा कि हम प्रयास करेंगे कि हेचरी का संचालन शहर से बाहर हो, इसके लिए हम प्रयास करेंगे, हेचरी की दुर्गंध से लोगों का जीवन दूभर है, लोगों ने मांग उठाया हम भी प्रयास करेंगे।

उन्होंने कहा कि कलेक्टर से आग्रह किया है खोलना नहीं हैं, सीएम को अवगत कराया है। शिप्ट करने की लंबी प्रक्रिया है, शहर से बाहर भूमि उपलब्ध कराकर भवन बनाया जाएगा ,इसके बाद हेचरी शहर से हट जाएगा। वहीं बर्ड फ्लू के बाद पुनः हेचरी को संचालित करने के आदेश आने की खबर के बाद उक्त स्थल पर संचालन को लेकर कोरिया बचाओं मंच द्वारा विरोध जताया है। कोरिया बचाव मंच के पदाधिकारी शैलेश शिवहरे ने कहा कि पुनः शहर सीमा में हेचरी को चालू नहीं करने दिया जाएगा, उन्होंने कहा कि पूर्व में मुख्यमंत्री को सुशासन तिहार में हेचरी को शहर से बाहर करने का निवेदन किया था, इस पर आश्वासन भी किया था।

# यात्री प्रतीक्षालय बना नशेड़ियों का अड्डा



**कोरिया कालरी।** नगर पालिक निगम चिरिमिरी द्वारा लगभग दो वर्ष पूर्व यात्री सुविधाओं के विस्तार के लिए करीब दो लाख की लागत से निर्मित यात्री प्रतीक्षालय अब जर्जर हालत में पहुंच चुका है। रख-रखाव के अभाव में यह प्रतीक्षालय नशेड़ियों का अड्डा बन गया है। दिन हो या देर रात, यहां नशेड़ियों का जमावड़ा लगा रहता है, जिससे आम यात्रियों ने इस प्रतीक्षालय में रुकना ही छोड़ दिया है।

- रख-रखाव के अभाव में खस्ता हाल, यात्री हलाकान

धीरे-धीरे प्रतीक्षालय की स्थिति खस्ता होती जा रही है। दीवारों की टाइल्स उखाड़ ली गई हैं और लगे हुए लोहे की ग्रिल भी गायब हो गई है। हालत यह है कि प्रतीक्षालय का उपयोग यात्री नहीं कर पा रहे हैं और उन्हें मजबूरन आस-पास के पेड़ों की छांव में खड़े होकर वाहन का इंतजार करना पड़ता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर पालिका द्वारा किए गए विकास कार्य सराहनीय होते हैं, लेकिन निर्माण के बाद रख-रखाव भी उतना ही जरूरी है। सवाल यह भी है कि जिम्मेदारी केवल नगर पालिका की है या फिर आम जनता और जनप्रतिनिधियों की भी इसमें बराबर की भूमिका बनती है। वार्ड क्रमांक 8 की पार्षद मोती प्रधान ने कहा कि नशेड़ियों के विषय में मैं कुछ नहीं कह सकती, लेकिन प्रतीक्षालय में जो टूट-फूट हुई है, उसकी मरम्मत कार्य कराया जाएगा। इसकी देखरेख करना हम सबकी जिम्मेदारी है और सभी को इसमें योगदान देना चाहिए।

# मुक्तिधाम जाने वाले मार्ग पर खड़े रहते हैं कोयला ट्रक

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरचा कॉलरी

नगर पालिका शिवपुर चरचा क्षेत्र में मुक्तिधाम जाने वाले मार्ग पर दर्जनों कोयला ट्रकों की कतारें इंसानियत को शर्मसार कर रही हैं। जहां शोकाकुल परिजन अंतिम विदाई देने जाते हैं, वहीं इस मार्ग को ट्रक चालकों ने मानो पार्किंग बना डाला है।

- अंतिम यात्रा में शामिल लोगों को हो रही भारी परेशानी



चरचा थाना से महज 50 मीटर दूरी पर स्थित मुक्तिधाम मार्ग अब पूरी तरह कोयला परिवहन ट्रकों के कब्जे में हैं। परिजन मजबूर होकर अपनी गाड़ियां हाईवे किनारे खड़ी करते हैं, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि चंद रूपए की लालच में मानवीय संवेदनाएं पूरी तरह कुचल दी गई हैं। कई बार शिकायत के बावजूद प्रशासन अब तक चुप है। लोग कहते हैं कि थाना प्रभारी और नगर पालिका की मौजूदगी में भी यह लापरवाही कहीं न कहीं मिलीभगत को दर्शाती है। गौरतलब है कि दो माह पूर्व चरचा कॉलरी प्रबंधन ने कोयले का रोड सेल शुरू किया था। ट्रकों को व्यवस्थित खड़ा कराने की जिम्मेदारी कॉलरी प्रबंधन की थी, लेकिन प्रबंधन केवल उत्पादन तक सीमित है। वहीं नगर पालिका शिवपुर चरचा का वार्ड क्रमांक एक स्थित यह मुक्तिधाम संभाग का शायद एकमात्र स्थल है, जहां अंतिम यात्रा जैसी संवेदनशील स्थिति में भी ट्रक ठेकेदारों की मनमानी चल रही है। चरचा बचाओ मंच ने इस स्थिति की कड़ी निंदा की है। पदाधिकारियों ने कहा कि अंत्येष्टि जैसी पवित्र यात्रा में व्यवधान डालना असंवेदनशीलता की पराकाष्ठा है। यदि ट्रकों को तत्काल नहीं हटाया गया तो मंच आंदोलन के लिए बाध्य होगा। मुख्य नगर पालिका अधिकारी वशिष्ठ कुमार ओझा ने कहा कि कलेक्टर, महाप्रबंधक बैकुंठपुर क्षेत्र व जिला पुलिस प्रशासन को पत्र भेजकर इस गंभीर विषय से अवगत कराया जाएगा।

# महिला मोर्चा ने अध्यक्ष का किया पुतला दहन

**बिजुरी।** मध्यप्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के हालिया बयान से राजनीति बवाल खड़ा हो गया है। पटवारी ने कहा था कि राज्य में महिलाएं सबसे ज्यादा शराब पी रही है और ड्रग्स का कारोबार भी यहां तेजी से फैल रहा है।

इस बयान से नाराज बीजेपी महिला मोर्चा ने बुधवार को बिजुरी कपिलधारा में जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। बिजुरी में जुटी बीजेपी महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी का पुतला जलाया । गुस्साई महिलाओं



ने पटवारी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और पुतले को चप्पलों से पीटते हुए कांग्रेस पार्टी, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी के खिलाफ भी नारे लगाए। महिला मोर्चा का कहना था कि पटवारी का बयान महिलाओं का अपमान है और कांग्रेस की महिलाओं को लेकर सोच साफ तौर पर सामने आ गई है। पटवारी के इस बयान ने बीजेपी को हमला करने का बड़ा मौका दे दिया। महिला मोर्चा ने साफ कहा कि कांग्रेस नेता का बयान न सिर्फ शर्मनाक है, बल्कि महिलाओं का सीधा अपमान भी है। बीजेपी कार्यकर्ताओं का कहना है कि कांग्रेस हमेशा से महिलाओं का अपमान करती आई है और यही सोच अब जनता के सामने उजागर हो रही है। उक्त विरोध प्रदर्शन में नपाध्यक्ष शहबीन पनिका, जिला मंत्री गूंजन साहू, महिला मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष पूर्णिमा सिंह, मंडल अध्यक्ष कलावती सिंह, संजू मिश्रा, पूजा कोरी सहित काफी संख्या में महिला मोर्चा की कार्यकरता एवं वार्डवासी उपस्थित रहे।

# नशीली दवाइयों को एसपी की मौजूदगी में किया गया नष्ट

**मनेन्द्रगढ़।** जिले में नशे के कारोबार पर कड़ी कार्रवाई करते हुए पुलिस प्रशासन ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज सरगुजा के स्पष्ट निर्देशों के तहत गुरूवार को जिले के थाना जनकपुर, चिरमिरी, खड़गवां, पोंड़ी एवं मनेन्द्रगढ़ में वर्ष 2022, 2023, 2024 एवं 2025 तक नारकोटिक्स एक्ट के तहत जब्त किए गए मादक पदार्थों का सार्वजनिक रूप से नष्टीकरण किया गया।

इस कार्रवाई के दौरान 129.95 किलोग्राम गांजा जिसकी बाजार कीमत लगभग 12 लाख 33 हजार 900 रूपए आंकी गई, इसके अलावा 272 नग नशीली इंजेक्शन एवं 122 नग नशीली टेबलेट जिनकी कीमत 7381 रूपए रही, जिसको



विधिवत नष्ट किया गया। कुल मिलाकर लगभग 12 लाख 41 हजार 281 रूपए के नशीले पदार्थों का नष्टीकरण पुलिस अधीक्षक चंद्रमोहन सिंह की उपस्थिति में किया गया। यह कार्रवाई जिले में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान की गंभीरता और सफलता को दर्शाती है। नष्टीकरण की इस प्रक्रिया में एसडीओपी मनेन्द्रगढ़ एलेक्स टोप्पो, एसडीओपी भरतपुर आरके मिश्रा, सीएसपी चिरमिरी श्रीमती दीपिका मिंज, उप पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) श्रीमती तरसीला टोप्पो सहित आबकारी निरीक्षक मनेन्द्रगढ़ श्रीमती शशिकला पैकरा, उप निरीक्षक थाना प्रभारी खड़गवां विजय सिंह, सहायक उप निरीक्षक थाना प्रभारी खड़गवां, विनय तिवारी, सहायक उप निरीक्षक थाना प्रभारी चिरमिरी विपीन मिंज, सहायक उप निरीक्षक थाना प्रभारी मनेन्द्रगढ़ अभिषेक पाण्डेय, सहायक उप निरीक्षक थाना प्रभारी जनकपुर दिनेश चौहान, प्रधान आरक्षक पुरूषोत्तम बघेल डीसीबी प्रभारी पुलिस अधीक्षक कार्यालय एमसीबी तथा जिले के अन्य पुलिस अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# रजत जयंती महोत्सवः मनाया गया पुस्तक वाचन दिवस

**मनेन्द्रगढ़।** छग राज्य स्थापना की रजत जयंती वर्षगांठ पर के तहत 25 वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में गुरूवार को एमसीबी जिले के जनपद पंचायत सभाकक्ष मनेन्द्रगढ़ में विविध सांस्कृतिक और शैक्षणिक कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया।

कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के निर्देशानुसार एवं जिला शिक्षा अधिकारी आरपी मिरे के मार्गदर्शन में संस्कृति विभाग के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम की विशेषता रही पुस्तक वाचन अभियान, जिसमें विद्यार्थियों के साथ-साथ पालकों, नव-साक्षरों और समुदाय के लोगों ने काफी संख्या में भाग लेकर पढ़ने की




संस्कृति को नई गति प्रदान की। नगर निगम चिरमिरी के महापौर श्री राय के मुख्य आतिथ्य में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ। प्राथमिक शालाओं में स्थानीय भाषाओं की कहानियों का वाचन हुआ, वहीं मुस्कान पुस्तकालय से बच्चों ने पुस्तकों का अध्ययन कर ज्ञान का अमूल्य लाभ लिया। प्रत्येक विद्यालय में वाचनालय से चुनी गई पुस्तकों का पठन कराया गया और पढ़ी गई पुस्तकों तथा प्रतिभागियों का विस्तृत रिकॉर्ड भी संकलित किया गया। इस अभियान के दौरान विद्यार्थियों से नवीन पाठ्यपुस्तकों का विशेष रूप से वाचन कराया गया। पुस्तकों के संग्रहण पर संवाद हुआ और एनसीईआरटी द्वारा परिवर्तित पाठ्यपुस्तकों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। बच्चों को समझ के साथ अध्ययन करने के लिए प्रेरित किया गया तथा पुस्तक की बातों को आत्मसात करने के महत्व पर बल दिया गया। जिला प्रशासन ने इस पूरे कार्यक्रम को प्रेरणादायक और बुनियादी शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए अनिवार्य कदम बताया। इस अवसर पर जिले केक जनप्रतिनिधि भी अभियान में शामिल होकर बच्चों और समुदाय का उत्साहवर्धन करते नजर आए। जिला अध्यक्ष श्रीमती चंपादेवी पावले, जिला पंचायत उपाध्यक्ष राजेश साहू, नगर पालिका परिषद मनेन्द्रगढ़ की अध्यक्ष श्रीमती प्रतिमा सरजू यादव, नगर पंचायत नई लेदरी अध्यक्ष वीरेन्द्र राणा, नगर पंचायत खोंगापानी अध्यक्ष श्रीमती ललिता रामा यादव आदि शामिल रहे।

## पृष्ठ 1 का शेष

### जिला अस्पताल में...

अक्सर आपातकालीन हालत में मरीजों को तुरंत ऑपरेशन की आवश्यकता होती है, लेकिन सर्जन न होने की वजह से समय पर उपचार नहीं मिल पाता, जिससे जान का भी खतरा बढ़ जाता है। जानकारी के अनुसार अस्पताल में प्रतिदिन कई मरीज ऐसे आते हैं जिन्हें हर्निया, अपेंडिक्स, पथरी, आंत संबंधी समस्या या अन्य सामान्य ऑपरेशन की आवश्यकता होती है। लेकिन जनरल सर्जन के अभाव में उनका इलाज संभव नहीं हो पाता। स्थानीय लोगों और जनप्रतिनिधियों ने स्वास्थ्य विभाग से मांग की है कि जिला अस्पताल बैकुंठपुर में शीघ्र ही जनरल सर्जन की नियुक्ति की जाए, ताकि आम जनता को बेहतर चिकित्सा सुविधा मिल सके और उन्हें दर-दर भटकना न पड़े।

### नागपुर में पकड़ा ...

एफआईआर दर्ज नहीं की है। चर्चा है कि उच्च पुलिस अधिकारी और वन विभाग के आला अफसर इस प्रकरण को दबाने का प्रयास कर रहे हैं। वहीं यह मामला सरकार के लिए भी गले की फांस बन गया है ,क्योंकि मीडिया में लगातार खबरें प्रकाशित हो रही हैं कि वन विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत से जंगलों की अवैध कटाई और इमारती लकड़ी की तस्करी हो रही है। स्थानीय लोग निष्पक्ष जांच की मांग कर रहे हैं और उनका कहना है कि यदि मामले की सही जांच हुई तो कई बड़े अधिकारी जांच के दायरे में आ जाएंगे। वहीं जब्त लकड़ियों की कीमत 3 लाख रूपए बताई जा रही है।

# जिला स्तरीय पुस्तक वाचन कार्यक्रम

**बैकुण्ठपुर।** छग राज्य के रजत जयंती वर्ष पर शासन द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अंतर्गत जिला स्तरीय पुस्तक वाचन का आयोजन गुरूवार को शासकीय आदर्श कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैकुंठपुर में किया गया। यह कार्यक्रम कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के निर्देशन, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत आशुतोष चतुर्वेदी के मार्गदर्शन एवं जिला शिक्षा अधिकारी जितेन्द्र गुप्ता के नेतृत्व में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ जिला शिक्षा अधिकारी जितेन्द्र गुप्ता एवं संस्था के प्राचार्य अमृतलाल गुप्ता के द्वारा मां सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्जवलित कर किया गया। छात्राओं ने मां सरस्वती की वंदना प्रस्तुत की। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से उपस्थित विनय मोहन भट्ट ने अपने उद्बोधन में कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों और समाज में पुस्तक पढ़ने की आदत को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि छात्र जीवन में जितनी अधिक पुस्तकें पढ़ी जाएंगी, उतना ही श्रेष्ठ व्यक्तित्व का विकास होगा। अपने संबोधन में जिला शिक्षा अधिकारी श्री गुप्ता ने कहा पुस्तकें ज्ञान का असीमित भंडार हैं।

आइब्रो, मूंछ दाड़ी के बालों का प्रत्यारोपण
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी एवं गंगा डायग्नोस्टिक्स के उपर, कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
9827143060
Ajay Advt.

